श्री अरूण कुमार, माननीय स०वि०स० से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं०-18/2/1330 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर प्रतिवदेन
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दनियावां प्रखंड के बाकीपुर मछरियावां पंचायत के ग्राम किसमिरिया, सिमरियावां पंचायत के ग्राम चकरजा एवं काजी बिगहा, सलारपुर पंचायत के ग्राम सलारपुर में महतमाइन (लोकाइन) नदी पर बना तटबंध पूरी तरह ध्वस्त हो गया है, यदि हां तो सरकार तटबंध को बोल्डर पिंचीग कराकर उक्त सभी गांव को सुरक्षित कराने का विचार रखती है नहीं तो क्यों?	वस्तुस्थिति यह है कि पटना जिलान्तर्गत दनियावां प्रखंड के बांकीपुर मछरियावां पंचायत अंतर्गत किसमिरिया ग्राम महात्माईन नदी के बायें किनारे पर तथा सिगरियावां पंचायत अंतर्गत चकरज्जा ग्राम एवं काजीबिगहा ग्राम महात्माईन नदी के दायें किनारे पर अवस्थित है। सलारपुर पंचायत अंतर्गत सलारपुर ग्राम टाल क्षेत्र के समीप अवस्थित है। उक्त ग्रामों के सुरक्षार्थ लघु बांध निर्मित है, जो मानक के अनुरूप नहीं है एवं जल संसाधन विभाग के स्वामित्व में नहीं है। झारखंड राज्य के जलग्रहण क्षेत्रों में निरंतर अत्यधिक वर्षापात के कारण बाढ़ अवधि 2025 में फल्गू नदी पर अवस्थित उदेरास्थान बराज पर अबतक का अधिकतम जलश्राव 1.26 लाख क्यूसेक दर्ज किया गया, फलस्वरूप किसमिरिया ग्राम के निकट लठौरनिया देवपिंडी एवं घोरनपुर ग्राम में, चकरज्जा ग्राम के निकट जीवनचक ग्राम में एवं काजीबिगहा ग्राम के निकट लघु बांध क्षतिग्रस्त होने से पानी के फैलाव के कारण प्रश्नगत ग्राम प्रभावित हुए थे। उक्त स्थलों के सुरक्षार्थ कटाव निरोधक कार्य दिनांक 15.05.2026 तक पूर्ण करने का कार्यक्रम है। प्रश्नगत सलारपुर ग्राम में अवस्थित निम्मी सलारपुर लघु बांध भी बाढ़ 2025 के दौरान क्षतिग्रस्त हुआ था। उक्त लघु बांध के पुनर्स्थापन हेतु योजना स्वीकृति की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

बिहार सरकार

<u>जल संसाधन विभाग</u>

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–01–10 / 2026................. पटना / दिनांक :.........................

प्रतिलिपिः– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना को तारांकित प्रश्न सं0–18 / 2 / 1330 का अनुमोदित उत्तर प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–01–10 / 2026................. पटना / दिनांक :.........................

प्रतिलिपिः– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–01–10 / 2026................. पटना / दिनांक :.........................

प्रतिलिपिः– अधीक्षण अभियंता, बाढ़ (मो0), जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–01–10 / 2026.....1583 पटना / दिनांक :..19/3/26

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रभारी प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता, आई0टी0 सेन्टर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/3/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव